हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025

11 बीज मिलने में देरी पर किसानों में रोष लगीं लाइनें



12 छठ महापर्व : उदय होते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी मन्नत



## खबर संक्षेप

### धान कटाई के लिए आए मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के बाबरा गांव के फाटक के नजदीक ट्रेन की चपेट में आए युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान यूपी के शाहजहांपुर जिला निवासी करीब 35 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र छोटेलाल के तौर पर हुई है। परिजनों के पहुंचने पर मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सुरेंद्र एक दिन पहले ही क्षेत्र में धान की फसल की कटाई के लिए आया था तथा सुलौधा गांव में रह रहा था। सुबह वह घूमने निकला था कि ट्रेन की चपेट में आ गया। मृतक की मां सुशीला देवी व चचेरे भाई कपिल के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है।

### लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आज

**झज्जर।** सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक बुधवार को लघु सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर दो बजे शुरू होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव 6 नवंबर से

**झज्जर।** जिला मुख्यालय पर आगामी छह व सात नवंबर को आयोजित होने वाले जिला युवा महोत्सव की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग का कोई भी युवा इस कार्यक्रम में भाग ले सकता है। जिला युवा महोत्सव का आयोजन स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय तथा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में किया जाएगा।

### 31 को रन फॉर यूनिटी में दौड़ेंगे शहरवासी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस बार भी जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस पर उत्साह से गतिविधियां होंगी। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन सुबह सात बजे शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम से किया जाएगा। दौड़ स्टेडियम से शुरू होकर पुरानी तहसील रोड, जलघर, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, पुराना बस स्टैंड से होते हुए वापस स्टेडियम में संपन्न होगी। जिसमें अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी सभी भाग लेंगे।

## झज्जर मेन बाजार में ज्वेलरी शॉप को चोरों ने बनाया निशाना

# महिला साथी संग आया चोर दुकानदार को चकमा देकर लाखों के गहने लेकर फरार


**▶▶| दुकानदार ने 15 से 20 लाख रुपये तक के आभूषणों की चोरी की दी शिकायत ▶▶| दूसरे ग्राहक को सामान दिखाने के लिए दुकानदार काउंटर पर चढ़ा, पीछे से चोर जेवरों का डिब्बा लेकर फरार हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ चांदी के जेवर खरीदने के बहाने आए थे चोर

जिले के ज्वेलर्स लगातार चोरों व ठगों के निशाने पर बने हुए हैं। अब शहर के मेन बाजार स्थित ज्वेलर्स की दुकान से लाखों रुपये के आभूषणों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। देर शाम दुकानदार अपने आभूषणों का मिलान करने लगा तो उसे चोरी का पता चला।

इसके बाद सी सी टी वी फुटेज खंगाली गई तो उसमें एक संदिग्ध युवक अपनी महिला साथी के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देता दिखाई दिया, जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली गई। राधेश्याम के अनुसार चोरी हुए जेवरातों की कीमत करीब 15 से 20 लाख रुपये तक है। जानकारी के अनुसार, थाने वाला पीर परिसर स्थित राधेश्याम ज्वेलर्स की दुकान पर एक महिला और एक युवक खरीदारी करने पहुंचे। वे दोनों चांदी के जेवरात देखने लगे। इस बीच अन्य ग्राहक जब दुकान में पहुंचे तो संचालक राधेश्याम किसी आभूषण को लेने के लिए काउंटर पर चढ़े। इसी बीच युवक मौके का फायदा उठाते हुए सोने के जेवरात से भरा एक डिब्बा उठाकर सबकी निगाहों से बचाते हुए महिला के हाथों में थमा देता है। इसके बाद वे चांदी के आभूषणों को वहीं छोड़कर दुकानदार के काउंटर से नीचे उतरने से पहले ही रफूचक्कर हो जाते हैं।



झज्जर। सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते हुए दिखाई देता संदिग्ध युवक व सीसीटीवी फुटेज देखते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### पहले भी दो-तीन बार आ चुका है आरोपी

दुकान संचालक के अनुसार आरोपी युवक पहले भी दो-तीन बार दुकान पर आ चुका है, लेकिन उस समय किसी ने ध्यान नहीं दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा दुकानदार से मामले की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाली। राधेश्याम के अनुसार चोरी हुए जेवरातों की कीमत करीब 15 से 20 लाख रुपये तक है।


### बहादुरगढ़ में हुई चोरी भी अनसुलझी

बहादुरगढ़ में इसी महीने करीब 20 दिन पहले मेन बाजार की कोमल ज्वेलर्स की दुकान पर भी चोरों ने धावा बोलकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। रात के अंधेरे में पांच चोरों ने शटर उखाड़कर करीब चार लाख रुपये की नकदी व ढाई करोड़ रुपये से ज्यादा के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था। आजतक पुलिस उन चोरों का कोई खुलासा नहीं कर पाई है।

## एमआईई में प्रिंटिंग यूनिट से लाखों रुपये की चोरी

*रात के अंधेरे में ताला तोड़कर ट्रांसफार्मर की क्वाइल, इनवर्टर व बैट्री सहित अन्य सामान चोरी*





बहादुरगढ़। सीसीटीवी में नजर आ रहा एक चोर व चोरों द्वारा खोला गया ट्रांसफार्मर।

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्रिंटिंग यूनिट में चोरी की वारदात हो गई। चोर दीवार फांदकर फैक्ट्री में घुसे और ट्रांसफार्मर की क्वाइल, इनवर्टर, बैटरी तथा अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। फैक्ट्री मालिक को कई लाख रुपए की आर्थिक हानि हुई है। सीसीटीवी में कुछ चोर भी नजर आए हैं। एमआईई पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। दरअसल, बहादुरगढ़ के निवासी सुरेंद्र दहिया की एमआईई पार्ट-ए स्थित प्लॉट नंबर 478 में यूनिटी गुड्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से प्रिंटिंग यूनिट है। गत शनिवार की रात को फैक्ट्री बंद की गई थी। इसी रात चोरों ने परिसर में धावा बोल दिया। दीवार फांदकर अंदर घुसे और हैंडल आदि गिराकर बिजली आपूर्ति बाधित की। इसके बाद ट्रांसफार्मर खोलकर क्वाइल निकाल ली। इतना ही नहीं, इनवर्टर बैटरी व पंखे सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद रविवार तथा सोमवार को छठ के चलते यूनिट में अवकाश था। मंगलवार की सुबह जब यूनिट खोली गई तो वारदात का पता चला। मालिक सुरेंद्र दहिया ने देखा तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। ट्रांसफार्मर के पार्ट्स जमीन पर बिखरे पड़े थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस वारदात से मालिक को लाखों की हानि हुई है। सीसीटीवी में कुछ चोर भी नजर आए हैं। वहीं, पुलिस द्वारा मामले की तह तक जाने के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

### मकान से लाखों के आभूषण और नकदी चुराई

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब यहां एक और मकान से लाखों रुपये के आभूषण व नकदी चोरी हो गई। मकान मालकिन ने पुलिस को शिकायत दे दी है। वारदात हिमानी के मकान में हुई है। हिमानी का कहना है कि गत 26 अक्टूबर को पति ड्यूटी पर गए थे। मैं रात को बच्चों सहित सो रही थी। इसी रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। अगली सुबह जब अलमारी चेक की तो उसमें सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर सोने के एक जोड़ी टॉप्स, अंगूठी, ओउम, चांदी की तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी कडुले, तागड़ी, चांद सूरज, दो घड़ी और 9 हजार की नकदी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।



### प्लॉट को लेकर हुए विवाद में जमकर चले हथियार दर्जन भर घायल

**झज्जर।** मंगलवार सुबह क्षेत्र क गांव ऊंटलौधा में प्लॉट को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें जमकर डंडे, लाठी और तेजधार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। इसके चलते दोनों ओर से दर्जनभर लोग घायल हो गए। झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। बाद में घायलों को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जिनमें से कईयों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक को लाठी और डंडों से पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव लाडपुर में एक युवक पर लाठी व डंडों से हमला कर दिया गया। पीड़ित युवक पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। रवींद्र का कहना है कि वह अपने प्लॉट पर गया था। इसी दौरान वहां एक युवक आया और गाली गलौज शुरू कर दी और फिर मारपीट करने लगा। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर दिया। इसके बाद उस युवक ने अपने तीन भाई बुला लिए। उन्होंने डंडों व लाठियों से हमला कर दिया। उन्होंने मुझे मारने की कोशिश की। हमले में मुझे काफी चोट आई। परिजन अस्पताल ले गए तो पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। उधर, सूचना पाकर पुलिस घायल के बयान लेने पहुंची। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

*कर्मचारियों ने अतिक्रमण करने वालों के सामान को उठाकर जब्त किया*

## नगर परिषद कर्मचारियों ने बाजार से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ सिलानी गेट के राव तुलाराम चौक से गुरुग्राम रोड तक जांच

नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को साथ लेकर चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर आनंद मलिक के नेतृत्व में सफाई दरोगा शिवम, सुंदरलाल, विकास, कृष्ण, गौरव व रोहित की टीम ने सिलानी गेट के राव तुलाराम चौक से गुरुग्राम रोड, सिलानी गेट से यादव धर्मशाला, बीकानेर चौक से पुरानी तहसील मार्ग तथा अंबेडकर चौक से छिक्कार चौक तक का निरीक्षण कर दुकानों के सामने निश्चित परिधि से बाहर लगाए फ्लैक्स, स्टैंडी व साइन बोर्ड आदि सामानों को हटाया। ट्रैक्टर-ट्राली के साथ पहुंचे कर्मचारियों ने अतिक्रमण करने वाले सामान को उठाकर जब्त कर लिया। बता दें कि इस संबंध में चार-पांच दिन पहले शहर में मुनादी करके सभी दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई थी। शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर की जा रही इस व्यवस्था में कुछ लोगों का कहना रहा कि क्या यह अतिक्रमण केवल साइन बोर्ड व बैनर के कारण ही हो रहा है। यदि बाजार में घूमकर देखा जाए तो कई दुकानदारों ने न केवल अपने चबूतरे पांच फुट से अधिक बाहर निकाल लिए हैं बल्कि अपनी दुकान के आगे गाड़ी खड़ी होने जितनी जगह भी पक्की कर ली है। प्रशासन को चाहिए कि वे इस प्रकार की कार्रवाई भी अमल में लाए।



झज्जर। सड़क से अतिक्रमण हटाने के दौरान बाहर रखी छतरी और काउंटर को ट्राली में डालते हुए नगर परिषद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## सड़कों पर उड़ती धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और वाहनों से स्थिति बिगड़ी

# बहादुरगढ़ में 347 पहुंचा एक्यूआई एनएचएआई को नोटिस जारी

■ ग्रैप टू की पाबंदियां लागू होने के बावजूद नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 347 दर्ज किया गया। हवा की सेहत लगातार बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एनएचएआई को धूल प्रदूषण पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। प्रदूषण का स्तर लगातार खराब रहने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याएं हो रही हैं।

बता दें कि तापमान कम होने के कारण ठंडी हवाओं के बीच धूल और धुएं के कण नीचे जम रहे हैं। वहीं, क्षतिग्रस्त सड़कों पर उड़ती धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और वाहनों के बढ़ते धुएं से भी स्थिति बिगड़ी हुई है। गौरतलब है कि दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप के तहत कई प्रतिबंध लागू हैं, जिनमें निर्माण कार्यों पर रोक, डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर पाबंदी और सड़क पर पानी का छिड़काव जैसे उपाय शामिल हैं। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का दावा है कि ग्रैप-2 लागू करवाने की स्थिति में कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।



बहादुरगढ़। बाईपास पर एनएचएआई की खस्ताहाल सड़क से उड़ती धूल।

### नजफगढ़ व बालौर रोड के आसपास उड़ रही धूल

एचएसपीसीबी के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा के अनुसार बहादुरगढ़ बाईपास पर नजफगढ़ व बालौर रोड के आसपास के क्षेत्रों में हाइवे से उठने वाली धूल के कारण वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव देखा गया। क्षेत्रीय अधिकारी के निरीक्षण में पाया गया कि सड़कों पर धूल के ढेर, खुले में पड़ा निर्माण मलबा तथा जल छिड़काव की कमी से प्रदूषण स्तर बढ़ रहा है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को इस पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। यह नोटिस आयोग अधिनियम की धारा 14, एनजीटी/सीएक्यूएम दिशा-निर्देशों और ग्रैप-टू के उल्लंघन को लेकर जारी किया गया है।

### ग्रैप-2 की पाबंदियां सख्ती से मानें : डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि झज्जर सहित एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी एजेंसियों का कार्य नहीं, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियों को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। इसलिए नागरिक किसी भी ऐसी गतिविधि से बचें जिससे धूल या धुआं उत्पन्न होता हो। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करें तथा निजी वाहनों का प्रयोग न्यूनतम रखें।

**मानवता** लोवा खुर्द के चौथी कक्षा के बच्चे की पीड़ा देख इंस्पेक्टर सतीश ने की पहल

*चंद्रभान ट्रस्ट ने धीरज को सुनने की मशीन निशुल्क उपलब्ध कराई*

# पुलिस ने बढ़ाए मदद के हाथ, अब धीरज सुन पाएगा सुर और ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नशामुक्ति और पुलिस पब्लिक को-ऑर्डिनेशन टीम के प्रभारी सतीश कुमार ने मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने लोवा खुर्द के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले चौथी कक्षा के छात्र धीरज की मदद की और उसके जीवन में नई रोशनी लाए।

दरअसल, बिहार के खगड़िया जिले से आने वाला यह मासूम बच्चा सुनने में असमर्थ था। फुटबॉल लीग मैच के दौरान जब इंस्पेक्टर सतीश कुमार को इस बच्चे की स्थिति का पता चला तो उन्होंने बिना देर किए उसकी मदद के लिए कदम आगे बढ़ाया। उनके प्रयासों और मानवीय संवेदनाओं का परिणाम यह हुआ कि फरीदाबाद में जांच करवाने के बाद चंद्रभान ट्रस्ट द्वारा धीरज को सुनने की मशीन निशुल्क उपलब्ध कराई गई। अब यह बच्चा न केवल सुन सकता है, बल्कि जीवन के हर सुर को महसूस कर पा रहा है।



बहादुरगढ़। बच्चे को मशीन सौंपते इंस्पेक्टर सतीश व ट्रस्ट के प्रधान सत्यपाल।

### पढ़ाई का भी उठाया जिम्मा

इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने उसकी पढ़ाई का जिम्मा भी उठाया और नूना माजरा के नक्षत्र स्पेशल स्कूल में निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कराई। यह कदम दर्शाता है पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि संवेदना और सेवा की प्रतीक भी है। निरीक्षक सतीश ने बताया कि यह कार्य उन्होंने पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह और डीसीपी मजसलीन कौर के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर किया।

## सब्जियों पर जेसीबी चलाने पर पद से हटाने का मामला


# एसीपी दिनेश के समर्थन में सड़कों पर उतरकर किया प्रदर्शन

■ एसीपी ट्रैफिक व आसौदा थाना इंचार्ज के पद से हटाया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसीपी दिनेश सांगवान के समर्थन में लोगों ने शहर में प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन से एसीपी दिनेश कुमार के पद बहाली की मांग उठाई। दरअसल, पटेल नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सब्जियों की फड़ी पर जेसीबी चलाई गई थी। उस घटनाक्रम की वीडियो वायरल हो गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बॉक्सर दिनेश सांगवान को एसीपी ट्रैफिक बहादुरगढ़ व आसौदा थाना इंचार्ज के पद से मुक्त कर उन्हें पुलिस कमिश्नर कार्यालय झज्जर अटैच कर दिया। इस कार्रवाई के बाद लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आई है। कई लोगों ने मंगलवार को उनके समर्थन में शहर में प्रदर्शन किया। वहीं, कुछ लोगों का तर्क है कि गरीब दुकानदारों की सब्जियों पर जेसीबी चलाना अनुचित था।






# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।

लाइफ Style



# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।' बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने 9 सितंबर को हुए हादसे के बाद फरार वाहन चालक साल्हावास निवासी नितिन को गिरफ्तार है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 16 सितंबर को दर्ज किए गए मामले में राजस्थान के कारोली निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों हादसों में दो लोगों की जान चली गई थी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 11 अक्टूबर को दर्ज किए गए मामलेमें आदर्श नगर निवासी सुदेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 9 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### दो बीज बिक्री केंद्रों पर पहुंचा 1350 क्विंटल गेहूं का बीज

# बीज मिलने में देरी पर किसानों में रोष अलसुबह से लगानी पड़ रहीं लाइनें

**डायवर्सन रोड पर दूर तक ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगी जाम के हालात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गेहूं की फसल की बुआई करने के लिए किसानों को बीज खरीद केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बीज मिलने की सूचना पर किसान आधी रात को बिक्री केंद्र पर पहुंच रहे हैं। मंगलवार को किसान सदन स्थित बीज बिक्री केंद्र पर गेहूं का बीज खरीदने के लिए किसानों की खासी भीड़ रही। किसानों का कहना है कि वे अलसुबह करीब चार बजे से यहां आकर बैठ गए थे।

बीज केंद्रों पर करीब पखवाड़ा भर पहले गेहूं का बीज आया था जो उसी दिन समाप्त हो गया था। ऐसे में कोई सप्ताह भर से चक्कर काट रहे हैं तो किसी-किसी को दस दिनों से अधिक का समय बीत गया है। सोमवार को जब बीज आने की सूचना मिली तो वे अलसुबह अपने साधनों के साथ पहुंचकर लाइन में लग गए। दूबलधन निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह सुबह पांच बजे से आया है। अभी तक उसका नंबर नही आया।

उसने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए हरियाणवीं लहजे में कहा कि सरकार ने जमींदारों की रेह-रेह माटी कर रखी है। शहर से ही बीज लेने पहुंचे कुलदीप ने बताया कि उसे दस बैग की जरुरत है। वह सुबह पांच बजे से लाइन में लगा है और अब ग्यारह बजे बाद भी उसका नंबर नहीं आया है। उसे कल रात केंद्र पर बीज पहुंचने की सूचना मिली थी।



झज्जर। किसान सदन के बीज बिक्री केंद्रों पर लगी भीड़ व अपने वाहनों में बीज के बैग रखते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि



#### दिवाली से पहले आया था बीज : रामबीर

*रामबीर ने बताया कि दिवाली के बाद छुट्टियां हो गई थीं। दिवाली से पहले गाड़ी आई थी। अब बीज आया है तो किसानों को राहत मिली है। खानपुर कलां से पहुंचे किसान इंद्र ने बताया कि वह आधे घंटे से लाइन में लगा है और उसे मात्र चार बैग बीज चाहिए। डावला निवासी राजेंद्र नंबरदार ने बताया कि उसे दस बैग चाहिए लेकिन अभी तक एक बैग भी नहीं मिला है।*

#### किसान सदन परिसर में वाहनों का रहा जमावड़ा

बीज की खरीदारी करने पहुंचे किसान बीज ले जाने के लिए अपने साथ ट्रैक्टर-ट्राली आदि साधनों का इंतजाम करके पहुंचे थे। ऐसे में किसान सदन परिसर में जहां वाहनों का जमावड़ा रहा। डायवर्सन रोड पर भी दूर तक ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगी दिखाई दी। विभागीय जानकारी के अनुसार हरियाणा भूमि सुधार निगम में 1050 क्विंटल तथा हरियाणा बीज विकास निगम में 300 क्विंटल बीज पहुंचा।

## डीसी ने पेपरलैस रजिस्ट्री सिस्टम व लंबित म्यूटेशन की समीक्षा की




झज्जर। बैठक में पेपरलैस रजिस्ट्री प्रणाली की समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने पेपरलैस रजिस्ट्री सिस्टम एवं लंबित म्यूटेशन मामलों की समीक्षा बैठक करते हुए राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक से पहले एफसीआर एवं एसीएस राजस्व सुमिता मिश्रा ने वीसी के माधयम से जिला प्रशासन के साथ प्रगति रिपोर्ट के साथ समीक्षा की।

डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एक नवंबर से रजिस्ट्री कार्य पूर्णताः पेपरलैस व ऑनलाइन प्रणाली से किए जाएंगे।

**लंबित म्यूटेशन प्रकरणों का शीघ्रता से निपटान सुनिश्चित किया जाए**

उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी, नागरिकों को सुविधा मिलेगी और समय की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित म्यूटेशन प्रकरणों का शीघ्रता से निपटान सुनिश्चित किया जाए तथा राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन रखा जाए।

# रूपेश कुमार बने एमपीएचएस निरीक्षक संघ के प्रधान

- मीटिंग में सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर स्वास्थ्य निरीक्षक संघ का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एमपीएचएस पुरुषों द्वारा जिला ट्रेनिंग सेंटर में एक मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर स्वास्थ्य निरीक्षक संघ का गठन किया। सर्व सम्मति से डीघल के रूपेश कुमार को प्रधान, बादली के सुधीर को सचिव, नरेंद्र दूबलधन को कैशियर, सतीश ढाकला को प्रेस सचिव, सत्यवान जमालपुर को उप प्रधान, देवेंद्र छारा को ऑडिटर चुना गया। नवनियुक्त प्रधान रूपेश कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता में संघ की मुख्य मांगों को पूरा कराने का प्रयास शामिल होगा। मुख्य मांगों में पे-नॉमिनी को दूर करवाना, एसएमआई पद को क्लास 2 में कराना, समाप्त किए गए पदों को बहाल कराना शामिल है। इस मौके पर राजेश कुमार, राजवीर, विजय, करण सिंह, अशोक कुमार, रणबीर दहिया, जितेंद्र दुजाना, रामेश्वर बादली, राजेश राणा, राजवीर, विजय नांदल, सुनील,जोगेंद्र, जगदीप सिंह, सुनील राणा, देवेंद्र व रामनिवास चाहर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए एमपीएचएस। फोटो :हरिभूमि

## रेलवे की प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाजों ने जीते चार पदक




झज्जर। ऑल इंडिया इंटर रेलवे प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाजों ने चार पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि गुवाहाटी में 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चली प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाज सागर अहलावत व साहिल अहलावत ने स्वर्ण पदक तथा सागर जाखड़ और प्राची धनखड़ ने अपने-अपने भार व आयु वर्ग में रजत पदक जीता है। इस उपलब्धि पर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल व एसीपी अखिल कुमार ने विजेता मुक्केबाजों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। शिक्षकों व प्रशिक्षकों के साथ प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### प्रतियोगिता में एमआर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर के खिलाड़ियों ने बेरी में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राचार्या नेहा शर्मा ने बताया कि उनके संस्थान से 18 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग लिया जिनमें से छात्रा तानिया ने गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा शतरंज प्रतियोगिता में छात्रा सांची को ब्रांज मेडल मिला। विद्यालय परिसर लौटने पर प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सोमवीर कोडान व निदेशिका संगीता कोडान ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल प्रशिक्षक कृष्ण छोक्कर, ज्योति व मानसी के प्रयासों की सराहना की।



झज्जर। कलश यात्रा में शामिल सौभाग्यवती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### कलश यात्रा निकालकर की मूर्ति स्थापना

**झज्जर।** मंगलवार को महाराजा अग्रसेन महिला कॉलेज के नजदीक स्थित प्राचीन कलावती मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व सौभाग्यवती महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली।

मंदिर परिसर से शुरू हुई यह कलश यात्रा हरिपुरा मोहल्ला, मां वैष्णों चौक, चौपटा बाजार से होते हुए वापिस मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। मूर्ति स्थापना के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कमला देवी, आनंद सिंघल, धीरज शर्मा, निशांत, मीना रहेजा, वीना वर्मा, मूर्ति, मोना वर्मा, चंदा सिंघल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### समयबद्ध विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों का होगा सर्वांगीण विकास : डीसी




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित अधिकारियों की बैठक में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने डी प्लान, ग्रामीण विकास, सांसद क्षेत्र विकास योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, एचआरडीएफ, सीएम अनाउंसमेंट तथा जिला परिषद के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयवधि में विकास परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक शीघ्र पहुंच सके। उन्होंने कहा कि समयबद्ध विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास होगा।

## नशे के दुष्प्रभाव व साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक दुजाना में पुलिस ने ठगों से बचने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों की पालना करने के प्रति पुलिस का जागरुकता अभियान जारी है।

इसी कड़ी में मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक दुजाना में विद्यार्थियों को जागरूक किया। दुजाना थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, महिला विरुद्ध अपराध, डायल 112 सेवा, नशा मुक्ति, तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं।




झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दुजाना थाना प्रभारी राकेश कुमार।

#### सावधानी बरतें

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे इंटरनेट, सोशल मीडिया तथा ऑनलाइन लेनदेन का उपयोग करते समय सावधानी बरतें। किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत तुरंत साइबरक्राइम. जीओवी.इल पोर्टल या नजदीकी पुलिस थाने में की जा सकती है। उन्होंने महिला सुरक्षा के विषय पर कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में डायल 112 या 181 महिला हेल्पलाइन पर तुरंत संपर्क करें। यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, तथा सड़क पर सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी गई।

## शिक्षकों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया



झज्जर। स्कूल परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ करते हुए शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया के साथ लिपिक अमित शर्मा, संस्कृत प्राध्यापक धर्मेंद्र शास्त्री, गोपाल कौशिक, धर्मदास शर्मा, मुकेश शर्मा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष षष्ठी को मंगलवार के शुभावसर पर स्कूल प्रांगण में सुंदरकांड पाठ कराया गया। विद्यार्थियों ने भगवान हनुमान से बल एवं बुद्धि प्राप्ति का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### माय भारत केंद्र, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया और इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा करवाया गया आयोजन

# खो-खो में राजकीय विद्यालय भदानी की टीम ने बाजी मारी

**प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

माय भारत केंद्र, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया और इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा स्थानीय इंडो अमेरिकन स्कूल में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। कोच सचिन कौशिक ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महराना की टीम उपविजेता रही।




झज्जर। शिक्षकों व संस्था सदस्यों के साथ मंच पर उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

#### विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

*200 मीटर दौड़ में साक्षी ने प्रथम, विधि ने द्वितीय और मनीषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। कुश्ती प्रतियोगिता में निशा ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय और रीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की वॉलीबॉल स्पर्धा में केएसएम स्कूल की टीम विजेता रही, जबकि एसएफएस स्कूल बिरधाना की टीम को द्वितीय स्थान मिला। 200 मीटर दौड़ में विंसिज प्रथम, जतिन द्वितीय और हार्दिक तृतीय रहा। कुश्ती में अनुज ने पहला, हिमेश ने दूसरा और कार्तिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक ने कहा कि माय भारत केंद्र युवाओं को खेलों और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।*

### बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें नागरिक

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि दिन-प्रतिदिन ठंड के बढ़ने से मौसम में निरंतर बदलाव आ रहा है। इसलिए बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के साथ ही आमजन को एहतियात बरतनी चाहिए और शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर स्वास्थ्य जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सजग है।

**सूचना**

मैं, अनुराधा मिश्रा पत्नी संजय कुमार, निवासी मकान नंबर 637/23, कुंदन सिनेमा के सामने, बहादुरगढ़, जिला झज्जर (हरियाणा) घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम अनुराधा से बदलकर अनुराधा मिश्रा कर लिया है।

**सूचना**

मैं, सतपाल पुत्र श्री बलवान निवासी गांव बराही तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रितू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सैनी ने किया ठगों से सावधान रहने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने वार्ड नंबर-14 में महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के बारे में जागरूक किया। उनके अनुसार शहर में लगभग 4 हजार महिलाओं का लाडो लक्ष्मी योजना लिस्ट में नाम आया है। उन्होंने महिलाओं से सतर्क रहने और ठगी से बचने का आह्वान किया। जसबीर सैनी ने कहा कि नायब सरकार ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए हर महीने लाडो लक्ष्मी योजना के रूप में पात्र महिलाओं को 2100 रुपये देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहली किस्त एक नवम्बर हरियाणा दिवस पर पात्र महिलाओं के खाते में भेजी जाएगी। उन्होंने पात्र महिलाओं से आग्रह किया कि लिस्ट में शामिल महिलाएं अपनी वेरिफिकेशन जरूर करवाएं।

### ठेकेदार के खाते से निकले एक लाख 45 हजार

**बहादुरगढ़।** एक ठेकेदार साइबर ठगी का शिकार हुआ है। उसके खाते से यूपीआई के माध्यम से एक लाख 44 हजार 996 रुपये निकल गए, जबकि वह यूपीआई का इस्तेमाल भी नहीं करता। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात छारा के निवासी रवि के साथ हुई है। रवि का कहना है कि उसके सेंट्रल बैंक में खाते हैं। गत 10 सितंबर को एक खाते से दो बार रुपये कट गए। फिर दो अन्य खातों से 19 व 21 सितंबर को रुपये निकले। दस से अधिक बार में एक लाख 44 हजार 996 रुपये खाते से निकाले गए। जब फोन पर मैसेज आए तो वारदात का पता चला।

### लाडो योजना के लिए करवाएं रजिस्ट्रेशन

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने पात्र महिलाओं से दीनदयाल लाडो लक्ष्मी एप के माध्यम से जल्द से जल्द आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना हरियाणा की मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानित बनाने का मजबूत माध्यम बनेगी। डॉ. पंकज जैन के अनुसार भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनावों के दौरान महिलाओं से यह वादा किया था कि सरकार बनने पर मातृशक्ति के लिए हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे। नायब सरकार ने अपना वादा निभाते हुए इस ऐतिहासिक योजना को धरातल पर उतार दिया है। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि नवंबर माह से योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये उनके बैंक खाते में सीधे भेजे जाएंगे।

## हजारों व्रती महिलाओं ने शहर में दर्जनों स्थानों पर बनाए गए विशेष घाटों पर किया दीप दान

# उदय होते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी मन्नत

### छठ महापर्व पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल

**घाटों पर अपार भीड़:** एमआईई, लाइनपार, नहर किनारे और दुर्गा कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में बने घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।
**दीपों से जगमगाए घाट:** अर्घ्य के बाद व्रती महिलाओं ने दीप जलाए, जिससे तालाब और घाट रोशनी से चमक उठे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भगवान भास्कर की पूजा के महापर्व छठ पर सैकड़ों महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ मंगलवार को शहर के दर्जनों घाटों पर गाजे-बाजे के साथ पहुंचकर उदय होते सूर्य को अर्घ्य दिया। सूर्य उपासना के लिए घंटों पानी में खड़ी रहीं व्रती महिलाओं ने भगवान सूर्य से अपनी मनोकामानाओं को पूरी करने के लिए घाटों पर दीप दान किया। तड़के छठ मैया के जयकारे से पूरा इलाका गूंज रहा था।

बता दें कि छठ भगवान भास्कर का महापर्व है। रविवार रात से ही निर्जला व्रत रही महिलाओं की आस्था सोमवार शाम तालाबों की ओर उमड़ पड़ी थी। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूर्वांचलवासी मंगलवार सुबह गाजे-बाजे के साथ छठ मैया के गीत गाते हुए परिवार के साथ पूजन सामग्री लेकर छठ घाटों पर पहुंचे। सुबह चार बजे के करीब नहर किनारे, एमआईई, लाइनपार व दुर्गा कॉलोनी आदि में बने घाटों पर श्रद्धालुओं का रेला लग गया था।

घाटों पर तिल रखने भर के लिए भी जगह नहीं बची थी। अपनी-अपनी वेदियों के सामने पूजन सामग्री रख व्रती महिलाएं तालाब के पानी में पश्चिम मुख किए खड़ी थी, तो साथ के लोग घाट पर उमड़े हुए थे। तड़के उदय होते सूर्य नारायण को अर्घ्य देने का समय आया, तो सैकड़ों हाथ अर्घ्य देने के लिए आगे बढ़ते गए। व्रती महिलाओं के साथ परिवार के अन्य सदस्यों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। वेदियों पर पूजन-अर्चन के बाद दीप जलाए गए। दीप जलते तालाब के घाट जगमगा उठे। महिलाओं ने समाज में सुख और समृद्धि की कामना की।




बहादुरगढ़। नहर किनारे भगवान भास्कर की आराधना करते श्रद्धालु, मंगलवार तड़के उदयमान सूर्य को अर्घ्य देते छठव्रती।



बहादुरगढ़। जागरण में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते सतपाल राठी।

### उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ व्रतियों ने पूर्ण किया व्रत

- अलसुबह पांच बजे से जुड़ने शुरू हो गए थे श्रद्धालु, रात को पहले से ही कर ली थी जोहड़ पर जाने की तैयारी

**झज्जर।** छठ पूजा महापर्व के चौथे व अंतिम दिन छठ व्रतियों ने उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूर्ण किया। अलसुबह करीब पांच बजे से ही कोसली रोड स्थित ब्राह्मण जोहड़ा तालाब पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। छठव्रती अपने परिवार के साथ पूजा का सामान लेकर पूजा स्थल बने ब्राह्मण जोहड़ा पर पहुंचे। व्रत करने वालों में जहां बुजुर्ग महिलाओं की अधिकता रही वहीं नव विवाहिताएं भी छठ पूजा करती नजर आइं। छठ पूजा करने तालाब पर पहुंचे संजय, महेंद्र सैनी, सुमन, रूकमणि देवी, शीला, प्रमिला, सुनीता देवी आदि ने बताया कि इस पूजा में परिवार का एक सदस्य ही व्रती रहता है। बाकी सदस्य उसके व्रत पूर्ण कराने में सहायता करते हैं। वे अलसुबह ही पांच प्रकार के फलों, मेवा, घर में प्रसाद के रूप में तैयार किए गए पकवान के साथ यहां पहुंचे हैं। संजय ने बताया कि इससे पहले के वर्षों में वे किसी नहर किनारे या किसी अन्य स्थान पर खड़े पानी में अपनी पूजा-अर्चना करते थे।



झज्जर। ब्राह्मण जोहड़ा तालाब में पूजा-अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

### सैनिक नगर में हुआ छठ मैया का जागरण

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड-30 के सैनिक नगर में बिहार नव युवक पूर्वांचल संघ समिति की ओर से सैनिक नगर बारात घर के पास छठ मैया का विशाल जागरण आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि कांग्रेसी नेता सतपाल राठी ने शिरकत की। सतपाल राठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर जागरण का शुभारम्भ किया। गायकों ने जागरण में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गणेश वंदना के साथ भजनों की शुरुआत हुई और छठ मैया के भजनों पर श्रद्धालु रातभर झूमते रहे। जागरण में कांग्रेसी नेता सतपाल राठी ने सभी पूर्वांचलवासियों को लोक आस्था व सूर्य उपासना के छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व शुद्धता, स्वच्छता और समर्पण का प्रतीक है। राठी ने जल, थल व वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक किया।

## निशांत जून ने जयपुर में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजस्थान में हुई एनपीसी वर्ल्ड वाइड इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गांव नूना माजरा निवासी निशांत जून ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव में भी उनकी इस जीत की सराहना की जा रही है।

जयपुर में हुई प्रतियोगिता के दौरान निशांत जून ने मैंस क्लासिक फिजिक ओपन कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता है। प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन बहादुरगढ़ के खिलाड़ी ने अपनी बेहतरीन फिटनेस, पोजिंग और अनुशासन के दम पर यह खिताब अपने नाम किया। विजेता को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। निशांत के पिता वीरेंद्र सिंह जून ने बताया कि उसकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे बहादुरगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि निशांत की मेहनत और समर्पण ने युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है।




बहादुरगढ़। जीतने के बाद ट्रॉफी व पुरस्कार प्राप्त करते निशांत।

## भापड़ौदा में 62 लोगों ने किया रक्तदान

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भापड़ोदा में रक्तदान शिविर व होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भापड़ोदा की न्यू होप मिशन सोसाइटी, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भापड़ोदा में रक्तदान शिविर व होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लाइफ मिशन ब्लड बैंक व जन जागृति वर्ल्ड बैंक के सहयोग से 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

शिविर की मेजबानी न्यू होप मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी प्रशांत गौतम ने की। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर और बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया।



बहादुरगढ़। कैंप में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते आयोजक।

### रक्तदाताओं को इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की

प्रशांत गौतम ने बताया की रक्तदान लोगों का जीवन बचा सकता है। शिविर को सफल बनाने में आशीष राठी और मोहित राठी का विशेष योगदान रहा। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन के मंजीत ने बताया कि रक्त बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध करवाने के लिए संस्था लगातार कैंप आयोजित कर रही है। डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से सभी रक्तदाताओं को इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। आईटीआई भापड़ौदा के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे मानवता की सेवा में भागीदार बन रहे हैं। होम्योपैथी चिकित्सा शिविर के दौरान टीम ने लोगों का चेकअप किया और निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। कैंप के आयोजन में डॉ नुकूल, गोविंद, सुधीर, सरिता, संध्या, खुशी, रितु, स्वाति व रीना के साथ आशीष राठी, नरेंद्र राठी, कुलदीप राठी, मोहित राठी, प्रशांत गौतम, सुधीर राठी, अमित राठी की उल्लेखनीय भूमिका रही।



बहादुरगढ़। खुशी राठी को बधाई देती प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा व अन्य।

## निशानेबाजी में दूसरे नंबर पर रही खुशी राठी

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ की छात्रा खुशी राठी ने एमडीयू रोहतक में हुए इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में निशानेबाजी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय की प्रिंसिपल प्रबंधन समिति ने खुशी जाहिर करते हुए खुशी को बधाई दी। बता दें कि यह प्रतियोगिता रोहतक के जाट कॉलेज में 24 से 27 अक्टूबर तक हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी राठी को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उनके अनुसार अभ्यास, मेहनत, धैर्य, लग्न हमारे परिश्रम को सकारात्मक परिणाम देता है। कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खुशी की सफलता से महाविद्यालय की छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा। कॉलेज मैनेजमेंट ने भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। शारीरिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीति ने छात्रा को उत्कृष्ट प्रदर्शन की बधाई दी। भविष्य में अच्छी मेहनत कर बेहतर परिणाम की उम्मीद की।

## गली विवाद में मां-बेटे पर ईंट व डंडों से हमला

- घर के बाहर रोड़ी कम डलवाने पर जताई थी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मांडोठी में निर्माणधीन गली को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान मां, बेटे पर ईंट, जेली व डंडों से हमला करने का आरोप है। हमले में युवक को काफी चोट आई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। मांडोठी के निवासी विजय का कहना है कि उनके घर के बाहर गली बनाई जा रही है।

### ये था मामला

गत 27 अक्टूबर को गली में रोड़ियां डाली जा रही थीं। वहां मौजूद दो पड़ोसियों ने हमारे घर के बाहर रोड़ियां कम डलवाई। इस वजह से हमारे घर के बाहर झील हो गई। मैंने इस पर एतराज करते हुए कहा कि यदि झील रह गई तो हमारे घर के बाहर पानी भरेगा। इसके बाद उनमें से एक ने मेरे मुंह पर थप्पड़ मारा और दूसरे ने ईंट सिर में मारी। बीच बचाव करने मां आई तो उनके हाथ में चोट लगी। फिर हम जान बचाने के लिए घर के अंदर भागने लगे तो उन आरोपियों के अलावा कई अन्य ने हम पर डंडों से हमला कर दिया। उनमें से एक युवक के पास हथियार भी था। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इसके बाद परिवार के लोग हमें अस्पताल में ले आए। उधर, मांडोठी चौकी पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## दहकौरा में विद्यार्थियों को बांटे ट्रैक सूट



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को ट्रैक सूट देते दीपक कुमार व अन्य।

**बहादुरगढ़।** गांव दहकौरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को स्कूल यूनिफॉर्म के अनुसार विद्यार्थियों को ट्रैक सूट वितरित किए गए। यह ट्रैक सूट दीपक कुमार द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी आर्य रमेश चंद्र, सुहैल कुमार, मुख्य अध्यापक सुभाष हुड्डा व जोगेंद्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आर्य रमेश चंद्र ने विद्यार्थियों को छात्र जीवन के महत्व के बारे में प्रेरणादायक विचार साझा किए और श्रेष्ठ व्यक्तियों के उदाहरण देकर उन्हें जीवन में अनुशासन व परिश्रम का संदेश दिया। मुख्य अध्यापक सुभाष हुड्डा ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का धन्यवाद किया।

## उद्योगों की चुनौतियों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के विकास आयुक्त द्वारा भारत में एमएसएमई की लागत एवं प्रतिस्पर्धात्मकता विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एमएसएमई क्षेत्र के समक्ष आती चुनौतियों पर विचार-विमर्श कर उद्यमों की लागत क्षमता में सुधार करने और वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनने पर चर्चा हुई। शहर के गोरैया पर्यटन केंद्र में हुई कार्यशाला में एमएसएमई से संयुक्त सचिव सिम्मी चौधरी और अतिरिक्त विकास आयुक्त संजीव चावला सहित कई विशेष अतिथि उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। कार्यशाला के दौरान मंचासीन एमएसएमई के अधिकारी।

### कई विषयों पर की चर्चा

कार्यक्रम में बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों के साथ ही अनेक उद्यमियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के दौरान ऋण की लागत, वर्किंग कैपिटल, इक्विटी फाइनेंस आदि पर चर्चा हुई। जीएसटी, टैक्सेशन, भूमि उपलब्धता, यूटिलिटी लागत आदि पर विमर्श हुआ। घरेलू बाजार, ई-कॉमर्स, निर्यात और ब्रांडिंग से जुड़े मुद्दों पर बात हुई। केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों से संबंधित नियमों पर चर्चा की।

## लोवा खुर्द के हर्ष का नेशनल फुटबॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



गांव लोवा खुर्द के हर्ष जून पुत्र जसबीर ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर हरियाणा सब-जूनियर नेशनल फुटबॉल टीम में जगह बनाई है। वहीं, झज्जर जिले से एक अन्य खिलाड़ी मोहक छिक्कारा का भी चयन टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी अब अमृतसर में होने वाले नेशनल मुकाबलों में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

प्रतियोगिता शुरू हो गई है। मंगलवार 28 अक्टूबर को हरियाणा का मुकाबला गोवा से हुआ, जबकि 30 अक्टूबर को पंजाब से और एक नवंबर को केरल से होगा। कोच सुदर्शन, विनय, रितु रानी और प्रदीप ने खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जताई। लोवा खुर्द के सरपंच विनोद जून, कमेटी प्रधान नरेश कुमार और खेल प्रेमियों ने भी दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। कोच सुदर्शन ने कहा कि बच्चों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से ही यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने सभी पेरेंट्स से अपील की कि वे भी अपने बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।

## सेक्टर-2 में दीप जलाने से सूख गया हरा-भरा पेड़

# ये कैसी आस्था: भगवान का अपमान और पेड़ों को भी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- पर्यावरण प्रेमियों ने की लोगों से जागरुकता की अपील

धार्मिक भावनाओं के बीच हो रही लापरवाही धीरे-धीरे हरियाली को निगल रही है। शहर के सेक्टर-2 में एक पेड़ अंधी आस्था की भेंट चढ़ गया। जड़ों व तने के साथ बिलकुल सटाकर दीपक जलाने के कारण पेड़ सूखकर मर गया। दरअसल, सेक्टर-2 में मंदिर के निकट पीपल के पेड़ नीचे लोगों द्वारा लंबे समय से दीपक जलाए जा रहे थे। दीपकों को निश्चित दूरी के बजाय बिलकुल सटाकर जलाया जाता था। जिस कारण धीरे-धीरे तने को नुकसान पहुंच रहा था। दीपक की गर्मी और तेल का रिसाव धीरे-धीरे पेड़ की जड़ों तक पहुंच गया। नतीजतन, हरे-भरे पेड़ की छाल काली पड़ गई और आखिरकार पूरा पेड़ सूख गया।

### पेड़ों के तनों और जड़ों पर दीपक से कोशिकाएं होती हैं नष्ट

स्थानीय निवासियों का कहना है कि लोग गाड़ियों में आते हैं और पेड़ से बिल्कुल सटाकर दीया जला जाते हैं। कई बार समझाने और मना करने के बावजूद लोग बात नहीं मानते। अब एक पेड़ खत्म हो गया है, तो अन्य पेड़ों के नीचे दीप जलाने लगे हैं, जिससे बाकी पेड़ों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा है। पर्यावरण प्रेमी प्रदीप ने कहा कि पेड़ों के तनों और जड़ों पर लगातार जलते दीपकों की गर्मी से कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। दीपों में प्रयोग होने वाला तेल और कालिख मिट्टी में मिलकर उसकी गुणवत्ता को खराब कर देते हैं, जिससे पेड़ धीरे-धीरे कमजोर होकर सूख जाता है। उन्होंने अपील की कि लोग धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा पर भी ध्यान दें और दीपक जलाने के लिए पेड़ों से थोड़ी दूरी बनाए रखें।



बहादुरगढ़। सेक्टर-2 में सूखा हुआ पेड़, इनसेट में जला हुआ हिस्सा।

### दूध व मीठा पानी भी नुकसानदायक

दूध व मीठा आदि से मिला हुआ पानी भी पेड़ों की जड़ों को नुकसान पहुंचाता है। आस्था के साथ हरियाली का भी ख्याल रखना चाहिए। दीपक जलाते भी हैं तो उसको पेड़ के तने या जड़ से दूर रखें। खुले में जलाने के बजाय किसी मिट्टी के पात्र या दीपदान में दीप निश्चित दूरी पर रखें, ताकि आस्था भी कायम रहे और पेड़ भी सुरक्षित रहे। पेड़ों पर मिश्रित के बजाय सादा पानी चढ़ाएं तो बेहतर रहे।

### पेड़ों तले डाली जा रहीं मूर्तियां

वहीं दूसरी तरफ पुरानी हो चुकी भगवानों की तस्वीरें और मूर्तियां पेड़ों के नीचे रखी जा रही हैं। कल तक जो तस्वीरें घर में पूजी जा रही थीं, वे आज पेड़ों के नीचे अपमानित हो रही हैं। पुजारी सोहन लाल ने कहा कि श्रद्धा के प्रतीकों को ऐसे खुले में फेंकना असम्मानजनक है। पुराने या क्षतिग्रस्त धार्मिक चित्रों और मूर्तियों का विधिपूर्वक जमीन में निस्तारण करना चाहिए।